पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मंत्रियों को विभाग आवंटित किया गया
राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के कार्य बटंवारें प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया

लखनऊः 4 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के प्रस्ताव 15 कैबिनेट मंत्रियों, 8 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा 10 राज्य मंत्री को विभाग आवंटित कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्री श्री बलराम यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती अरूण कुमारी कोरी के वर्तमान कार्यभार में भी परिवर्तन किया है। श्रीमती अरूण कुमार कोरी के पास संस्कृति विभाग यथावत रहेगा।

कैबिनेट मंत्री (1) श्री अहमद हसन को बेसिक शिक्षा, (2) श्री बलराम यादव को माध्यमिक शिक्षा, (3) श्री अवधेश प्रसाद को होम गार्डस, प्रान्तीय रक्षादल, (4) श्री पारस नाथ यादव को ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, (5) श्री राम गोविन्द चैधरी को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सैनिक कल्याण, (6) श्री दुर्गा प्रसाद यादव को वन, (7) श्री बृह्माशंकर त्रिपाठी को खादी एवं ग्रामोद्योग, (8) श्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भैय्या को स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क, पंजीयन, नागरिक सुरक्षा, (9) श्री इकबाल महमूद को खाद्य एवं औषधि प्रशासन, (10) श्री महबूब अली को रेशम एवं वस्त्रोद्योग, (11) श्री अरिवन्द्र सिंह गोप को ग्राम्य विकास, (12) श्री कमाल अख्तर को खाद्य तथा रसद, (13) श्री विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को कृषि (कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन को छोड़कर), कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, (14) श्री बलवंत सिंह रामूवालिया को कारागार, (15) श्री साहब सिंह सैनी को पिछड़ावर्ग कल्याण तथा विकलांग जन विकास विभाग दिये हैं।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में (1) श्री रियाज अहमद को मत्स्य एवं सार्वजनिक उद्यम, (2) श्री फरीद महफूज किदवई को प्राविधिक शिक्षा, (3) श्री मूलचन्द्र चैहान को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, (4) श्री राम सकल गुर्जर को खेल एवं युवा कल्याण, (5) श्री नितिन अग्रवाल को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन, (6) श्री यासर शाह को परिवहन, (7) श्री मदन चैहान को मनोरंजन कर (8) श्रीमती सैय्यदा शादाब फातिमा को महिला कल्याण विभाग आवंटित किया गया है।

राज्यमंत्री के रूप में (1) श्री वसीम अहमद को बाल विकास, पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा एवं ऊर्जा, (2) डाॅ0 शिव प्रताप यादव को जन्तु उद्यान एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, (3) श्री राधेश्याम सिंह को कृषि (कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन को छोड़कर), कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान तथा चिकित्सा शिक्षा, (4) श्री शैलेन्द्र यादव ललई को नियोजन एवं ऊर्जा, (5) श्री ओमकार सिंह यादव को ग्राम्य विकास, (6) श्री तेज नारायण पाण्डेय ऊर्फ पवन पाण्डेय को वन विभाग, (7) श्री सुधीर कुमार रावत को आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, (8) श्री हेमराज वर्मा को खाद्य तथा रसद, (9) श्री लक्ष्मीकान्त ऊर्फ पप्पू निषाद को खाद्य एवं रसद (10) वंशीधर बौद्ध को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सैनिक कल्याण विभाग आवंटित किया गया है।